**प्रसार भारती**
**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**
**09.10.2025 / प्रादेशिक समाचार / 18.00बजे**

## सुक्खू

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि अगले शैक्षणिक सत्र से प्रथम चरण में प्रदेश भर में 100 स्कूलों को सीबीएसई पाठ्यक्रम पर संचालित किया जाएगा। आज शिमला में शिक्षा विभाग की एक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने शिक्षा विभाग को इस संबंध में सभी तैयारियां समय सीमा के भीतर पूरी करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सीबीएसई पैटर्न आधारित स्कूलों का अलग रंग होगा और यहां पढ़ने वाले विद्यार्थियों की अलग रंग की वर्दी होगी। इन स्कूलों में स्मार्ट कक्षाओं के साथ–साथ मैस का प्रबंध भी किया जाएगा और विद्यार्थियों को पौष्टिक भोजन प्रदान किया जाएगा। शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को अवगत करवाया कि प्रदेश में सीबीएसई के मापदंड पूरा करने वाले अब तक 86 स्कूलों की पहचान की जा चुकी है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को शेष स्कूलों में सीबीएसई के मापदंड जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने राजीव गांधी डे–बोर्डिंग स्कूल बनाने की समीक्षा भी की और अधिकारियों को इसमें तेजी लाने के निर्देश दिए। बैठक में शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर और शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे।

## जगत नेगी

राजस्व व बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी ने आज किन्नौर जिला के रकछम गांव में 80 लाख रूपए की लागत से बने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला के भवन और 27 लाख रूपए की लागत से निर्मित पशु औषधालय भवन का उदघाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने 44 लाख रूपए की लागत से बनने वाले बौद्ध सामुदायिक भवन का शिलान्यास भी किया। इस दौरान जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार सीमांत व दुर्गम क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य और पशुपालन जैसी मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

## विक्रमादित्य

लोकनिर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने आज शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान पर 13 अक्तूबर को आयोजित किए जाने वाले पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय वीरभद्र सिंह की प्रतिमा के अनावरण कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया। इस अवसर पर उन्होंने विभिन्न विषयों पर अधिकारियों से विस्तृत चर्चा की।

## माई भारत

भारत सरकार के युवा कार्यक्रम व खेल मंत्रालय ने माई भारत के माध्यम से राष्ट्रीय एकता और युवा जागरूकता के उददेश्य से एक ऐतिहासिक पहल शुरू की है।

ये राष्ट्रव्यापी अभियान लौहपुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती को समर्पित है। चंबा में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान नेहरू युवा केंद्र के जिला युवा समन्वयक विवेक कुमार ने बताया कि इस कार्यक्रम के तहत 31 अक्तूबर से 25 नवम्बर तक देश भर के सभी जिलों में पद यात्राएं आयोजित की जाएंगी। उन्होंने बताया कि इन यात्राओं से पहले स्कूल व कॉलेजों में निबंध लेखन, सरदार पटेल के जीवन पर गोष्ठियां और नुक्कड़ नाटक जैसी गतिविधियां भी होंगी।

उधर इस अभियान के तहत कांगड़ा जिला में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए मेरा युवा भारत के उपनिदेशक ध्रुव डोगरा ने कहा कि इस दौरान सरदार पटेल के योगदान व राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका और राष्ट्रीय एकता के संदेश को जन–जन तक पहुंचाया जाएगा।

**करवा चौथ**

पति की दीर्घायु व खुशहाली के लिए करवा चौथ का त्यौहार मनाया जाएगा। करवा चौथ के दिन सुहागिन महिलाएं निर्जला उपवास रखती हैं और शाम को चांद का दीदार करने के बाद विधिपूर्वक पूजा अर्चना कर व्रत को खोलती है। करवा चौथ को लेकर आज दिन भर बाजारों में खूब भीड़ लगी रहीं और बड़ी संख्या में महिलाएं खरीददारी करने के अलावा मेहंदी भी लगवा रहीं हैं। करवा चौथ को लेकर उत्साहित महिलाओं का कहना है कि करवा चौथ के त्यौहार का उन्हें बेसब्री से इंतजार रहता है।

**दुर्घटना जांच**

बिलासपुर जिला की झंडूता तहसील के तहत भल्लू पुल के समीप हुई बस दुर्घटना के कारणों की जांच के लिए एडीसी बिलासपुर की अध्यक्षता में एक समिति गठित की गई है। उपायुक्त राहुल कुमार ने बताया कि इस समिति को आगामी 10 दिन के भीतर हादसे के कारणों की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए है।

---

---